MR. SPEAKER: I have seen everything.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Those notices you want to reject, you reject them. But you have the rules. You tell us.

MR. SPEAKER: I have gone through each notice. I have studied everything. I study everything, go through the rules properly and precisely and then, I do my job. Not otherwise.

**श्री इन्द्रजीत गुप्त** : सब को रिजेक्ट कर दिया ।

MR. SPEAKER: I have assured you and I have given you my full assurance which is still on the floor of the House that whatever subject we have chosen, they will all be discussed properly and thoroughly.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Why don't you mention those subjects which you are going to allow?

PROF. MADHU DANDAVATE: Please mention the subjects which we would like to discuss here.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Which are the subject you are accepting and which you are rejecting? (*Interruptions*).

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने आपको बता ही दिया है । मैंने डिसएलाउ कर दिया है। जो रखे हैं वे आप से सलाह कर के रखे हैं ।

PROF. MADHU DANDAVATE: Is there no discussion on the subject? (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Profesor, when I am on my legs you are supposed to sit down.

प्रोफेसर को भी समझना पड़ेगा क्या? हरिकेश जी बैठ जाइए । बैठते क्यों नहीं है ?

SHRI HARIKESH BAHADUR: (Gorakhpur): On a point of order. Sir, under Rule 58, we have given a notice.

**अध्यक्ष महोदय** : रूल यह है कि जब स्पीकर खड़ा होता है तो सब मैम्बर बैठ जाते हैं । आपको यह भी पता नहीं है ?

इस वाद विवाद में जितना समय आपने लगा दिया है इसका हम उपयोग कर सकते थे अपनी आर्गुमेंट्स में----

श्री जार्ज फर्नान्डीस : हमें आर्गू करने दीजिए ।

MR. SPEAKER: I am not allowing. I do not want any arguments.

**श्री रामावतार शास्त्री (पटना)**: बोट क्लब पर हजारों मजदूर आए हैं ।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** (आंवला): मंडल कमिशन की रिपोर्ट जिस तरह से पेश की गई है वह जनतंत्र की हत्या है । आप एलाउ नहीं करते हैं ---

**अध्यक्ष महोदय** : वह भी किया है ।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** : उत्तर प्रदेश हरियाणा में जो कुछ हो रहा है वह सरकार की असफलता को सिद्ध करता है । लोगों के जाने और माल की हिफाजत नहीं है---

(व्यवधान)

[*At this stage, some hon. members left the house*]

-----

12.30 hrs.

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### REPORTED SEVERE CYCLONIC STORM IN IN ORISSA AND RELIEF OPERATIONS IN AFFECTED AREAS

**श्री वृद्धि चन्द्र जैन** (बाड़मेर): मैं अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर कृषि मंत्री जी का ध्यान दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वह इस बारे में एक वक्तव्य दें :

"उड़ीसा के कई तटवर्ती जिलों में 4 जून 1982 को आए भीषण समुद्री तूफान के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु और पशुधन की हानि होने तथा बड़े पैमाने पर हुई विनाशलीलों के समाचार तथा प्रभावित क्षेत्रों में किए गए राहत कार्य ।"

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT

AND CIVIL SUPPLIES (RAO BIRENDRA SINGH): Sir, it is with great sorrow that I have to report on the devastating cyclonic storm that hit the coast of Orissa on the night between the third and the fourth of June this year.

According to the India Meteorological Department, a cyclonic storm was first detected at 1430 hrs. on the 1st June about 800 Kms. South-East of Paradeep. It moved steadily in the North-Westerly direction without any appreciable intensification upto 0830 hrs. on the 3rd June. However, it got considerably intensified with a core of hurricane wind later and crossed the North Orissa coast around 2230 hrs. on the same day causing heavy to very heavy precipitation in Cuttack, Puri, Balasore, Dhankanal, Keonjhar and parts of Sambalpur and Sundargarh districts.

Cyclone in June is a rare phenomenon and the one in question was the first of the century. The development of this cyclone to hurricane proportions was rather rapid. There was also severe oscillation in wind speed reportedly ranging between 90 KMPH and 220 KMPH. This gusting action caused havoc to the public and private properties, buildings, coconut plantations etc. Life and property was lost due to combined effect of very high wind, tidal waves and high precipitation.

The India Meteorological Department sent cyclone warnings to the Chief Secretary as well as to other Government functionaries on the morning of the 2nd June. This was followed by a number of signals and cyclone bulletins. On receipt of these warnings the State Government transmitted the same over the telephone and police wireless grid to the district and block functionaries. The All-India Radio, Cuttack, broadcast cyclone warnings at intervals of half-an-hour round the clock on the 2nd and 3rd June and this continued till the early hours of the 4th June.

According to the memorandum sent by the Government of Orissa seven out of thirteen districts have been affected, the number of villages affecbeing 15,576 in 110 Community Development Blocks. The total population affected in this area is about 73 lakhs. Unfortunately 245 human lives were lost. More than eleven thousand head of cattle also perished.

There has been extensive damage to the public as well as private property in the affected areas. More than eight lakh houses were completely or partially damaged. Roads and buildings were severely damaged particularly in the districts of Cuttack and southern part of Balasore. High tension transmission lines and towers, and more than 1400 Kms. of the low tension lines were disrupted. Ingress of sea water led to saline inundation of agricultural lands and pollution of drinking water sources.

On receipt of cyclone warnings, senior officers of the State Government rushed to the places where the maximum damage was anticipated. As per the Cyclone Contingency Plan, safe places had been identified for giving shelter to the people. The affected people were accordingly evacuated to these places. The repeated and timely warnings kept the loss of life to the minimum.

The Prime Minister visited the cyclone affected areas of Orissa on the 11th June, 1982. She announced release of Rs. 5 crores as ways and means advance from the Centre and another sum of Rs. 2 crores as additional short term loan for agricultural inputs. She also ordered the release of Rs 5 lakhs from the Prime Minister's Relief Fund.

At the request of the State Govt., the Govt of India deputed a Team of Senior Officers between the 8th and 10th June, 1982 for an on-the-spot study of the situation. The State Govt. forwarded a memorandum on the 17th June, 1982 seeking Central assistance of Rs. 117.35 crores for relief, restoration and rehabilitation. For the second time a Central Team visited Orissa from the 22nd to the

[Rao Birendra Singh]

25th June, 1982. The Central Team has submitted its Report to the Govt. of India. The report of the Team is being placed before the High Level Committee on Relief. The Govt. of India will sanction appropriate ceiling of expenditure on the basis of the recommendations of the Committee.

Apart from the assistance of Rs. 7 crores announced by the Prime Minister on the 11th June, 1982, a sum of Rs. 1 crore has been released under the Accelerated Rural Water Supply Scheme in the cyclone affected areas. Rs. 45 lakhs have also been released for raising community nurseries of paddy on an additional area of 3000 ha. of land. Further, 5000 MT of foodgrains were released in June to the State Government and another 10,000 MT of foodgrains would be allotted this month. At the request of the State Government, the Govt. of India have also arranged special allocation of Kerosene, packed bitumen, levy cement, steel and GCI sheets.

I fully share the sentiments of the House on the loss of life and property. I assure the Members that the Government will provide all possible help to the State in relif and rehabilitation of the affected people.

12.36 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*].

**श्री वृद्धि चन्द्र जैन:** उपाध्यक्ष महोदय, कृषि मंत्री ने जो बयान दिया है उससे भी यह स्पष्ट है कि 4 जून, 1982 को उड़ीसा के अनेक तटवर्ती इलाकों में आये कथित भीषण समुद्री तूफान से बड़ी संख्या में लोगों की जानें गई। उन्होंने यह भी जिक्र कर दिया है कि 245 व्यक्ति मारे गए, 73 लाख व्यक्ति इससे प्रभावित हुये और 15,576 गांव भी प्रभावित हुए। 11 हजार से अधिक मवेशी मारे गए, 8 लाख से भी अधिक मकान पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गये और 1400 कि. मी. से भी अधिक लो-टेंशन लाइन अस्त-व्यस्त हो गईं, सड़कों को भारी नुकसान हुआ और समुद्री पानी के आने से कृष्य भूमि में खारा पानी भर जाने से पीने का पानी भी दूषित हो गया। वास्तव में तूफान बड़ा भीषड़ रूप धारण किया है।

इस भीषण तूफान से जो बड़ी भारी क्षति हुई, उसके बारे में प्रौविन्शियल गवर्नमेन्ट ने 117.35 करोड़ रुपए की मांग प्रस्तुत की है और इसके बारे में केन्द्रीय सरकार को ज्ञापन प्रस्तुत किया है।

मैं मंत्री महोदय से विशेष रूप से यह कहना चाहता हूं कि जब 4 जून, 1982 को इस प्रकार का भीषण तूफान आया, अब 8 जुलाई हो गई, मतलब 1 महीना 4 दिन बीत गये, तो यह तय करने में फाइनली कितना समय लगेगा कि उड़ीसा सरकार को कितनी राहत मिलनी चाहिए? इसके बारे में मैं स्पैसेफिक जानना चाहता हूं कि यह निर्णय कब तक कर लिया जाएगा ?

जो भीषण घटना हुई है, उसके कारण जब इतनी क्षति हुई है तो सिर्फ 7 करोड़ रुपए की मदद से, जो कि हमारी प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने वहां आन दी स्पाट पहुंचकर एड-हाक घोषणा की है, उससे पूरी तरह वहां की व्यवस्था नहीं हो सकती है। इस समबन्ध में जल्द निर्णय लिया जाना चाहिए।

मैंने अक्सर देखा है कि फैमीन के बारे में भी जब अध्ययन दल की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है तब भी बहुत समय लग जाता है। जब इस प्रकार की घटनाएं और नेशनल कैलामिटीज होती है और उनमें सहायता देने में इतना अधिक समय लग जाता है, आवश्यक सहायता समय पर नहीं मिलती है तो उसका बहुत कुप्रभाव पड़ता है। मेरा कहना है कि एग्रीकल्चर डिपार्टमेन्ट का काम एग्रीकल्चर डिपार्मेन्ट करे और फाइनेन्स डिपार्टमेन्ट का काम फाइनेन्स डिपार्टमेन्ट करे, लेकिन इसके बारे में युद्ध-स्तर पर एक्शन लेना चाहिये तभी जाकर वास्तविक रिलीफ उन लोगों को पहुंचती है।

जहां तक रिलीफ का सम्बन्ध है, जिन-के मकान पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, उनको दी जाने वाली 500 रुपए की रकम बहुत अपर्याप्त है। जब मदद की राशि 500 रुपए निर्धारित की गई थी, तब से मंहगाई दस गुना बढ़ गई है। यही स्थिति मकान बनाने के सामान की भी है। इस लिए इस रकम को बढ़ा कर जिन लोगों के मकान ध्वस्त हो गए हैं, उन्हें 5,000 रुपये की मदद देनी चाहिए, ताकि उन्हें वास्तव में कुछ राहत मिल सके। जिन लोगों के मकानों को आंशिक नुकसान हुआ है, उन्हें दी जाने वाली 200 रुपये की रकम बहुत कम है। इस लिए उसे बढ़ाकर 1,000 रुपये से 2,000 रुपये कर देना चाहिए।

जो लोग मारे गए हैं, उनके परिवार वालों को 1500 रुपए की मदद दी गई है। आज-कल 1500 रुपए की मदद से किसी भी परिवार को कोई विशेष रिलीफ नहीं पहुंच सकता है। इस राशि को बढ़ा कर 10,000 रुपये कर देना चाहिए।

साइक्लोन से होने वाली क्षति को मिनि-माइज करने के लिए कोस्टल लाइन पर लार्ज-स्केल एफास्ट्रेशन के प्रोग्राम को हाथ में लेना चाहिए। जैसा कि डेजर्ट डेवेलप-मेंट प्रोग्राम के संबंध में होता है, इस प्रोग्राम के लिए 50 परसेंट स्टेट कान्ट्रीब्यूट करे और 50 परसेंट सेंटर कान्ट्रीब्यूट करे।

साइक्लोन वारनिंग सिस्टम को स्ट्रेंग्दन करने की जरूरत है इसी तरह पारादीप के रेडार स्टेशन और भुवनेश्वर के बीच निय-मित सम्पर्क की स्थापना होनी चाहिए। समय पर साइक्लोन की इनफॉर्मेशन देने के लिए स्टेट में वायरलैस नेटवर्क स्थापित करने के लिए सैन्ट्रल असिस्टेंस दी जानी चाहिए।

इस साइक्लोन के बारे में मौसम विभाग और इनसाट-1ए के जरिए 1 जून को सूचना दे दी गई थी। चीफ सेक्रेटरी ने कहा है कि 2 जून को उन्हें सूचना मिल गई। परन्तु 72 घंटे तक आवश्यक प्रीकाशन नहीं लिए गए। अगर आफिसर्ज को सब जगह भेज कर समय पर इवैकुएशन का काम हाथ में ले लिया जाता, तो इतनी क्षति न होती।

इस प्रकार की घटनाओं को नैशनल डिस-आस्टर और नैशनल कैलेमिटी समझा जाना चाहिए। केन्द्रीय सरकार को सोचना चाहिए कि नैशनल डिसास्टर या राष्ट्रीय विपदा के बारे में एक स्पेशल स्कीम बनाई जाए, जिसके लिए सभी स्टेट्स कान्ट्रीब्यूट करें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरन्त मदद दी जा सके। केन्द्रीय सरकार को इस सम्बन्ध में कदम उठाना चाहिए।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : उपाध्यक्ष महोदय, जो कुछ मेरे माननीय साथी श्री वृद्धि चन्द्र जैन ने कहा वह सारी बातें सरकार की नजर में हैं। नुकसान बहुत भारी हुआ, इसमें शक नहीं लेकिन जैसा मैंने अपने बयान में बताया यह इस तरह का साइक्लोन था जिस में आम तौर पर जो होता है उसके विरुद्ध हवा की गति बढ़ती गई ज्यों ज्यों यह स्टार्म कोस्ट की तरफ बढ़ा। . . (**व्यवधान**) . . 220 किलो-मीटर फी घंटा के हिसाब से जब हवा की स्पीड बन जाए तो बहुत ही भारी तूफान हो जाता है। हमारे वार्निंग स्सिटम में कुछ कमियां जरूर हैं जैसा जैन साहब ने कहा और यह इस तूफान के समय खास तौर पर हमारी निगाह में आया। वायरलैस सिस्टम और वार्निंग सिस्टम को और बेहतर बनाने की जरूरत है। मीट्रियोलाजिकल डिपार्टमेंट, डिपार्टमेंट आफ सिविल एविएशन के नीचे आता है और मैं अपने साथी मिनिस्टर साहब से इस बारे में बात करूंगा कि वहां कुछ वायरलेस का इंतजाम भी मजबूत हो और गाड़ियां भी कुछ उन लोगों को दी जाएं जिस से दूसरी जगह खबर पहुं-चाने में आसानी हो क्योंकि उनके पास ट्रांसपोर्ट की कमी भी नजर आती है इन सारी चीजों पर फाइनेंस मिनिस्टर साहब भी, जो बैठे हैं, ध्यान देंगे क्योंकि ये सब बातें उनके सहयोग से ही हो पाएंगी।

दूसरी बात जो जैन साहब ने कही उसमें भी काफी वजन है। हमारी सेंट्रल टीम साइक्लोन के बाद पहली बार जल्दी ही 8-10 जून को उड़ीसा भेज दी गई प्रेलिमिनरी देखभाल के लिए और उसके बाद सेंट्रल टीम इस मेमोरेंडम के बाद दोबारा गई। तो दोबार सेंट्रल टीम के आफिसर्स गए। उन्होंने जांच भी की और सेंट्रल टीम की

[राव वीरेन्द्र सिंह]

रिपोर्ट भी 30 जून को दे दी गई । वह रिपोर्ट में देख चुका हूं । उसके बाद वह हाई लेवेल कमेटी के सामने पेश हुई । इस में आम तौर पर देर हो जाती है, यह मैं मानता हूं । सेंट्रल टीम की रिपोर्ट आने के बाद चाहे वह ड्राउट के बारे में हो या नेचुरल कैलेमिटीज के बारे में हो, हमें आखीरी फैसला लेने में देर लग जाती है । उसके लिए मैंने अपने साथी चव्हाण साहब से कहा है जो प्लानिंग मिनिस्टर हैं, उनसे दरख्वास्त की है कि हाई लेवल कमेटी की मीटिंग को वह खुद प्रेसाइड कर के जल्दी इस का फैसला करें। इसके लिए मैं तजवीज करूंगा कि फाइनेंस मिनिस्टर और प्लानिंग मिनिस्टर साहब भी इस बात के ऊपर खुद विचार करें कि सेंट्रल टीम की रिपोर्ट आने के बाद ऐसा तरीका निकालना चाहिए जिस से कि हाई लेवल कमेटी जल्दी से जल्दी बैठ कर इस पर फैसला कर ले और फाईनेंस मिनिस्ट्री जल्दी ही उसके ऊपर विचार कर के अपना फैसला दे कर मैमोरेंडम ग्रान्ट कर दे ताकि जो राहत पहुचानी है उसमें देर न लगे । कई बार देर लग जाती है, यह बात उन्होंने सही फरमायी । मैं इस पर विचार करूंगा और अपने दूसरे साथी मिनिस्टर साहबान से भी विचार करने के लिए कहूंगा ताकि आइन्दा के लिए कोई बेहतर तरीका निकाला जा सके । या तो दोनों मिनिस्ट्रीज के आफिसर्स मिल कर बैठ जायें और सेंट्रल टीम की रिपोर्ट आने के बाद जल्दी फैसला हो जाया करें या कोई और तरीका इसके लिए निकाला जाये ।

उन्होंने एफारेस्टेशन की बात भी बहुत अच्छी कही। कोस्टल एरियाज में जब तक यह चीज नहीं होगी तब तक विंड ब्रेक नहीं होगा और हवा की तेजी से जो नुकसान हो सकता है उन इलाकों के अंदर उसको रोकने में दिक्कत पड़ेगी । तो इसके लिए भी हमारी सेंट्रल टीम ने रेकमेंडेशन की है और स्टेट गवर्नमेंट ने जितना पैसा मांगा है वह उसने रेकमेंड किया है। ज्यादा से ज्यादा दरख्त कोस्टल एरिया में लगाए जाएं इसकी तरफ ध्यान दिलाया गया है । और बात भी जो आप ने कही वह हमने मान ली है । बाकी कोई नयी बात नहीं है ।

वार्निंग में हमने जहां तक देखा है साइक्लोन आने के तीन रोज पहले से, मैंने अपने बयान में बताया है, आधे आधे घंटे पर वार्निंग दी जाती रही । दिल्ली से भी आल इंडिया रेडियो से और टेलीविजन से खबरें दी जाती रहीं । एलर्ट तो पहली जून को ही दे दिया गया था कि स्टार्म बन रहा है और कोस्टल एरिया में आने की संभावना है । ज्यों ज्यों स्टार्म साइड की तरफ आता रहा, उसके मुताबिक बार बार वार्निंग और सिगनलिंग दी जाती रही । उसमें जैसा हमारा इंतजाम है उसके मुताबिक कमी नहीं रही और आप देखें कि 71 में जो साइक्लोन आया था उड़ीसा में उस वक्त जो नुकसान हुआ था उसके मुकाबिले में सन 82 में जो नुकसान हुआ है वह बहुत कम है । 1971 में जब इसी किस्म का साइक्लोन था, जो इतना तेज भी नहीं था, हवा की रफ्तार भी इतनी तेज नहीं थी उस वक्त 9,665 जानें चली गई थीं लेकिन उसके मुकाबले में इस बार 245 लोग मरे हैं । इसी तरह से पहले जहां एक लाख जानवर मर गए थे, उसके मुकाबले में इस बार उनकी संख्या 11 हजार ही है । पिछली बार जहां अफेक्टेड इलाका बीस हजार स्क्वेयर किलोमीटर था, इस बार साइक्लोन में अफेक्टेड एरिया 25 हजार स्क्वेयर किलोमीटर है । इस बार रकबा ज्यादा है जिसमें कि नुकसान हुआ है, जितने गांव बरबाद हुए वह भी ज्यादा हैं, जितनी पापूलेशन अफेक्ट हुई है, वह 1971 के मुकाबले में ड्योढ़ी है लेकिन इसके बावजूद इस बार नुकसान कम हुआ है । ऐसा इसीलिए हुआ कि हमने आध-आध घंटे में वार्निंग दी । जो जानें गई हैं वह इस वजह से कि घर गिर गए । जब कुनबे घर छोड़ कर जाते हैं तो पीछे घर में एक आदमी जरूर छोड़ दिया जाता है और जब घर कोलेप्स होता है तो उसकी जानचली जाती है ।

मकान बनाने के लिए स्टेट गवर्नमेंट की तरफ से जो 500 रुपये की राहत दी जाती है वह वाकई कम है । प्रो. रंगा साहब भी अपना सिर हिला रहे हैं । इतने में तो ईंट भी नहीं आ सकती है । लेकिन

पहले के नार्म्स के मुताबिक स्टेट गवर्नमेंट ने दिया है । भारत सरकार कितना मंजूर करती है, यह हाई लेविल कमेटी तय करेगी और आखिरी फैसला फाइनेन्स मिनिस्ट्री का होगा । इस किस्म के नुकसान का पूरा मुआवजा तो कोई भी सरकार नहीं दे सकती है । थोड़ी-बहुत राहत देने की कोशिश की जाती है जितनी कि सरकार के पास गुंजायश रहती है । इसमें 75 फीसदी सहायता भारत सरकार देती है और 25 फीसदी स्टेट गवर्नमेन्ट देती है । स्टेट गवर्नमेन्ट को अपने खजाने की तरफ देखना पड़ता है कि राहत के लिए कितनी राशि दे सकते हैं । भारत सरकार को भी यह देखना पड़ता है । एक बार जो नार्म्स बन जाते हैं उनको फिर सारे देश के लिए अपनाना पड़ता है ।

बहरहाल, आपने जितनी भी बातें कहीं हैं उनकी तरफ हमारा पूरा ध्यान है । हम आपके मशकूर हैं कि आपने कुछ ऐसे मुद्दे यहां पर उठाए हैं जिनकी तरफ ध्यान देने की जरूरत है ।

**श्री रशीद मसूद** (सहारनपुर): डिप्टी स्पीकर साहब, इसमें कोई शक नहीं है कि जो तबाही आई है वह अक्सर आती रहती है, यह कोई नयी है। इस पर इन्सान को काबू नहीं है । इस तबाही में जहां कुदरत का दखल है, वहां मैं समझता हूं सरकार की भी कुछ कोताही हुई है । अगर यह कोताही सरकार की तरफ से न होती तो मुमकिन है कि तबाही इससे कुछ कम होती । मैं जानता हूं उड़ीसा एक ऐसा इलाका है जहां सिर्फ 4 जून को ही ऐसा जबर्दस्त तूफान नहीं आया है, उससे पहले दिसम्बर में भी तूफान आया था और पिछले साल 17 अप्रैल को भी आया था । उससे भी पहले फरवरी, 1980 में जबर्दस्त तूफान आया था । यह ऐसा स्टेट है जहां मस्तकिल तौर पर समन्दर के साइक्लोन आते हैं और लोग परेशान रहते हैं । हमें इस बात को सोचना चाहिए कि जहां इस तरह का एक मुस्तकिल फीचर हो तबाहियां आने का उसके लिए हम क्या एक्दामात करें ताकि उसका कोई परमानेन्ट हल निकाला जा सके । वहां का नुकसान इस कदर ज्यादा है कि अगर हम यह नहीं सोचेंगे कि यह नेशनल लास है तब तक हम उतनी राहत नहीं दे पायेंगे जितनी कि वहां पर मिलनी चाहिए ।

जैसा कि मंत्री जी ने बताया है कि तूफान 4 तारीख को आया लेकिन उसकी वार्निंग पहली और दूसरी तारीख से ही देनी शुरू कर दी गई थी । इसके बावजूद इतनी ज्यादा तबाही होने का मतलब यह है कि हमारे सिस्टम में ही कुछ कमी है जिसको मन्त्री जी ने तस्लीम भी किया है । सिर्फ यह काफी नहीं है कि आप रेडियो पर एलान कर दें या जिलों में बैठे हुए अफसरान को इत्तला कर दें । जो इतनी तबाही मचाएगा । बल्कि कमी यह है कि जिलों के आफिसर्स को तो इत्तिला हो जाती है और उन आफिसर्स के जरिए, क्योंकि उनके पास मशीनरी नहीं है या आपकी तरफ से कोताही हुई है, उन लोगों को जो तूफान की चपेट में आने वाले हैं, जिनको तूफान से नुकसान होने वाला है, उनको इत्तिला नहीं हो पाती है। इत्तिला नहीं हो पाने की वजह से आप देखते हैं कि इतने लोगों की जानें गई हैं और इतने हजारों करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ है । 117.35 करोड़ रु. की मांग सरकार से की गई है । इस चीज को देखते हुए हमें अपनी कोताही को दूर करना चाहिए । यह बात मैं इस लिए नहीं कह रहा हूं कि मैं अपोजीशन में बैठा हुआ हूं और मुझे सरकार को क्रिटिसाइज करना ही है । जैसा कि कहा गया कि दो तारीख को वार्निंग दी गई, उसके बावजूद भी इतनी बड़ी तबाही होती है, तो मैं समझता हूं कि जरूर कहीं वार्निंग सिस्टम में खराबी है। लिहाजा सबसे पहले जरूरत इस बात की है कि हमें मुस्तकिल तौर पर ऐसे इलाके जहां पर कि तूफान तबाही मचाते रहते हैं, जैसे उड़ीसा, बंगाल व महाराष्ट्र के कुछ हिस्से हैं, कम से कम उन जगहों पर एक ऐसी मशीनरी इवाल्व करनी पड़ेगी, जो कि लोगों को इत्तिला कर सकें । रेडियो पर कह देने से या वायरलैस से इत्तिला दे दी गई, इससे तो बड़े-बड़े आफिसर्स को इत्तिला हो जाती है, लेकिन देहात में रहने वाले लोगों को नहीं पता चल पाता है। इसलिए उन लोगों के लिए एक ऐसी मशीनरी तैयार करनी होगी जो लोगों को जाकर वहां से हटाने के सिलसिले

[श्री रशीद मसूद]

मैं मदद कर सकें और उनको किसी महफूज जगह पर ले पहुंचा सके। इस दिशा में तमिलनाडु सरकार ने मेरे ख्याल में काफी काम किया है। उन्होंने काम्यूनिटी सेन्टर्स बनाए हैं। उन काम्यूनिटी सैन्टर्स का यह परपज था, मकसद कि तूफान में फंसे हुए लोगों की हिफाजत करें। तूफान के आने से पहले उनको वार्निंग दें। गांव के अन्दर टीम्स को भेज कर उनके सामान को इकट्ठा करने के लिए सरकार की तरफ से इन्तजाम होता था। उनका जो सामान होता था, उनको महफूज जगह पर पहुंचाते हैं। सिर्फ फसल को ही नुकसान पहुंचता है। लेकिन हमारे यहां क्या हो रहा है। आपको वार्निंग की कोशिशों के बावजूद, आपके जितने रिलीफ आपरेशन के बावजूद, आज भी वहां के लोग बहुत परेशान हैं। चार पांच जगहें ऐसी हैं, जैसे राजनगर, राज-गणिका, चमूर और चन्द्रबली आदि--ये ऐसी जगहें हैं, जहां छः दिन तक एक भी आदमी रिलीफ के लिए नहीं पहुंचा। अब आप सोच सकते हैं, जिस जगह तबाही हुई हो, नीचे पानी हो और एक भी दरख्त न रहा हो और खाने के लिए कुछ नहीं रहा, बच्चे मर गए, औरतें मर गईं। आप की सरकार उनको रिलीफ पहुंचाने में बिल्कुल फूल हो गई है। यह बड़े अफसोस की बात है। मैं एक बार फिर कहना चाहता हूं कि ये बातें मैं इस लिए नहीं कह रहा हूं कि मैं आपोजिशन में बैठा हुआ हूं और मेरा काम सरकार के खिलाफ बोलना है। बल्कि मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि हमें दर्द होना चाहिए, हम लोगों को दर्द होना चाहिए कि अगर तबाही हुई है, तो क्यों हुई है और ईमानदारी के साथ आप को उसको मानना चाहिए। यह मालूम करना चाहिए कि कहां-कहां खराबियां हैं और उन खराबियों को दूर करने के लिए डिसकशन करना चाहिए कि कैसे हम उसको इम्प्रूव कर सकते हैं। इसीलिए मैंने कुछ सुझाव आपके समक्ष रखे हैं।

दूसरी बात मैं बिल्डिंग रिसर्च इन्स्टीचूट के बारे में कहना चाहता हूं। इसका मकसद यह है कि बल्डिंग बनाने के ऊपर कम से कम पैसा खर्च हो और ज्यादा से ज्यादा मजबूत इमारत बने। मैं समझता हूं कि इस सिलसिले में सब से जरूरी चीज यह है कि ऐसे इलाके जहां पर तूफ़ान आते हैं, जिन छः-सात इलाकों का जिक्र मैं पहले ही कर चुका हूं—बंगाल, उड़ीसा, तमिलनाडु का इलाका, महाराष्ट्र के कुछ हिस्से हैं, जिसमें की मुस्तकिल तौर पर तूफ़ान आते हैं . . .

**एक माननीय सदस्य** : मध्य प्रदेश भी।

**श्री रशीद मसूद** : मध्य प्रदेश का भी इलाका है, लेकिन मैं उन इलाकों की बात कर रहा हूं, जहां पर कि समुद्री तूफ़ान आते हैं। उन इलाकों के लिए रिसर्च बल्डिंग इन्स्टीचूट का फ़ायदा उठाना चाहिए। उनको कहना चाहिए कि ऐसे इलाकों के लिए ऐसे मकान बनवाए जायें, जिनकी कि तबाही कम हो, जिनको तूफ़ान से बचाया जा सके। मैं समझता हूं कि अगर इस दिशा में रिसर्च की गई तो यह इमपासिबल बात नहीं है, नामुमकिन बात नहीं है।

जब आप ने वार्निंग्ज़ देनी शुरू कर दी और आप के डिस्ट्रिक्ट लेवल तक के आफिशिल्ज़ को इत्तिला हो गई थी, तो उसके बावजूद भी लोग महफूज जगहों तक क्यों नहीं पहुंच सके? उस की वजह यह थी कि उन के पास ट्रांस्पोर्ट का कोई ज़रिया नहीं था . .

**13 hrs.**

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can continue after two. But if you are going to conclude immediately, you can continue.

SHRI RASHEED MASOOD: I will take only two minutes.

आखिरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जब तूफ़ान आते हैं तो इमीडिएट मदद की जरूरत होती है। बदकिस्मती से स्टेट्स के पास इतने रिसोर्सेज नहीं होते हैं कि उस मदद को वे एक दम उन तक पहुंचा सकें। मैं इस बात से मुत्तफिक हूं कि कोई भी सरकार मुकम्मिल नुकसान को कम्पेन्सेट नहीं कर सकती, लेकिन फ़ौरन रिलीफ मिल जाय तो उस से मुश्किलात काफ़ी कम हो जाती हैं। ऐसे लोगों के लिए जो

तूफ़ान-ज़दा हैं या तूफ़ान-ज़दा इलाकों से ताल्लुक रखते हैं अगर वहां रिलीफ़ का काम फौरन शुरू कर दें, आप की जो हाई लेवल कमेटी जाती है, उसकी रिपोर्ट का इन्तज़ार न रहे, कबिनेट के फैसले का इन्तज़ार न रहे, तो सह उनकी तकलीफ़ों को कम करने में ज्यादा मदद दे सकता है । यह ठीक है कि आप उन को उन के पुराने हालात में नहीं पहुंचा सकते, लेकिन इतना जरूर करें कि वे अपने फ़ील्ड्स का फ़ौरन बो सकें, अपने पैरों पर खड़े हो सकें । मैं जानना चाहता हूं कि इस काम में कितना वक्त लगेगा ?

[شری رشید مسعود (سہارنپور) :

ڈپٹی اسپیکر صاحب - اس میں کوئی شک نہیں ہے کہ جو تباہی آئی ہے وہ اکثر آتی رہتی ہے یہ کوئی نئی نہیں ہے - اس پر انسان کا قابو نہیں ہے - اس تباہی میں جہاں قدرت کا دخل ہے وہاں میں سمجھتا ہوں سرکار کی بھی کچھ کوتاہی ہوئی ہے - اگر یہ کوتاہی سرکار کی طرف سے نہ ہوتی تو ممکن ہے کہ تباہی اس سے کچھ کم ہوتی - میں جانتا ہوں اڑیسہ ایک ایسا علاقہ ہے جہاں صرف چار جون کو ہی ایسا زبردست طوفان نہیں آیا ہے اس سے پہلے دسمبر میں بھی طوفان آیا تھا اور پچھلے سال ۱۷ اپریل کو بھی آیا تھا - اس سے بھی پہلے فروری ۱۹۸۰ء میں زبردست طوفان آیا تھا - یہ ایسی اسٹیٹ ہے جہاں مستقل طور پر سمندر کے سائیکلون آتے ہیں اور لوگ پریشان رہتے ہیں - ہمیں اس بات کو سوچنا چاہئے کہ جہاں اس طرح کا ایک مستقل فیچر ہو تباہیاں آنے کا اس کے لئے ہم کیا اقدامات کریں تاکہ اس کا کوئی پرمانینٹ حل نکالا جا سکے - وہاں کا نقصان اس قدر زیادہ ہے کہ اگر ہم یہ نہیں سوچیں گے یہ نیشنل لاس ہے تب تک ہم اتنی راحت نہیں دے پائیں گے جتنی کہ وہاں پر ملنی چاہئے - جیسا کہ منتری جی نے بتایا ہے کہ طوفان چار تاریخ کو آیا لیکن اس کی وارننگ پہلی اور دوسری تاریخ سے ہی دینی شروع کر دی گئی تھی - اس کے باوجود اتنی زیادہ تباہی ہونے کا مطلب یہ ہے کہ ہمارے سسٹم میں ہی کچھ کمی ہے جس کو منتری جی نے تسلیم بھی کیا ہے - صرف یہ کافی نہیں ہے کہ آپ ریڈیو پر اعلان کر دیں یا ضلعوں میں بیٹھے ہوئے افسران کو اطلاع کر دیں - جو اتنی تباہی مچائے گا - بلکہ کمی یہ ہے کہ ضلعوں کے آفیسرس کو تو اطلاع ہو جاتی ہے اور ان آفیسرس کے ذریعہ کیونکہ ان کے پاس مشینری نہیں ہے یا آپ کی طرف سے کوتاہی ہوئی ہے ان لوگوں کو جو طوفان کی چپیٹ میں آنے والے ہیں - جن کو طوفان سے نقصان ہونے والا ہے ان کو اطلاع نہیں ہو پاتی ہے - اطلاع نہیں ہو پانے کی وجہ سے آپ دیکھئے

[شری رشید مسعود]

ھیں کہ اتنے لوگوں کی جانیں گئی ھیں اور اتنے ھزاروں کروڑوں روپئے کا نقصان ھوا ھے - ۱۱۷٫۳۵ کروڑ روپئے کی مانگ سرکار سے کی گئی ھے - اس چیز کو دیکھتے ھوئے ھمیں اپنی کوتاھی کو دور کرنا چاھئے - یہ بات میں اس لئے نہیں کہہ رھا ھوں کہ میں اپوزیشن میں بیٹھا ھوا ھوں اور مجھے سرکار کو کریٹی سائز کرنا ھی ھے - جیسا کہ کہا گیا کہ دو تاریخ کو وارننگ دی گئی اس کے باوجود بھی اتنی بڑی تباھی ھوتی ھے تو میں سمجھتا ھوں کہ ضرور کہیں وارننگ سسٹم میں خرابی ھے - لہذا سب سے پہلے ضرورت اس بات کی ھے کہ ھمیں مستقل طور پر ایسے علاقے جہاں پر کہ طوفان تباھی مچاتے رھتے ھیں جیسے اڑیسہ بنگال اور مہاراشٹر کے کچھ حصے ھیں کم سے کم ان جگہوں پر ایک ایسی مشینری انوالو کرنی پڑے گی جوکہ لوگوں کو اطلاع کر سکیں - ریڈیو پر کہ دیئے سے یا وائرلیس سے اطلاع دے دی گئی اس سے تو بڑے بڑے آفیسرس کو اطلاع ھو جاتی ھے لیکن دیہات میں رھنے والے لوگوں کو نہیں پتہ چل پاتا ھے - اس لئے ان لوگوں کے لئے ایک ایسی مشینری تیار کرنی ھوگی جو لوگوں کو جاکر وھاں سے ھٹانے کے سلسلے میں مدد کر سکیں اور ان کو کسی محفوظ جگہ پر پہنچا سکے - اس دشا میں تامل ناڈو سرکار نے میرے خیال میں کافی کام کیا ھے - انہوں نے کمیونٹی سینٹرس بنائے ھیں - ان کمیونٹی سینٹرس کا یہ پرپز تھا مقصد تھا کہ طوفان میں پھنسے ھوئے لوگوں کی حفاظت کرے - طوفان کے آنے سے پہلے ھی ان کو وارننگ دے - گاؤں کے اندر ٹیمس کو بھیج کر ان کے سامان کو اکٹھا کرنے کے لئے سرکار کی طرف سے انتظام ھوتا تھا - ان کا جو سامان ھوتا تھا ان کو محفوظ جگہ پر پہونچاتے ھیں - صرف فصل کو ھی نقصان پہنچتا ھے -

اب ھمارے یہاں کیا ھو رھا ھے - آپ کی وارننگ کی کوششوں کے باوجود آپ کے جتنے ریلیف آپریشن کے باوجود آج بھی وھاں کے لوگ بہت پریشان ھیں - چار پانچ جگہیں ایسی ھیں جیسے راج نگر راج کنی کا - چیور اور چاندبالی آدی - یہ ایسی جگہیں ھیں جہاں چھ دن تک ایک بھی آدمی ریلیف کے لئے نہیں پہنچا - آپ سوچ سکتے ھیں جس جگہ تباھی ھوئی ھو نہ پینے پانی اور ایک بھی درخت نہ رھا ھو اور کھانے کے لئے کچھ نہیں رھا بچے مر گئے عورتیں مر گئیں - آپ کی سرکار ان کو ریلیف پہنچانے

میں بالکل فیل ہو گئی ہے - یہ بڑے افسوس کی بات ہے - میں ایک بار پھر کہنا چاہتا ہوں کہ یہ باتیں میں اس لئے نہیں کہہ رہا ہوں کہ میں اپوزیشن میں بیٹھا ہوا ہوں اور میرا کام سرکار کے خلاف بولنا ہے - بلکہ میں یہ اس لئے کہہ رہا ہوں کہ ہمیں درد ہونا چاہئے ہم لوگوں کو درد ہونا چاہئے کہ اگر تباہی ہوئی ہے تو کیوں ہوئی ہے اور ایمانداری کے ساتھ آپ کو اس کو ماننا چاہئے - یہ معلوم کرنا چاہئے کہ کہاں کہاں خرابیاں ہیں اور ان خرابیوں کو دور کرنے کے لئے کوشش کرنا چاہئے کہ کیسے ہم اس کو امپروو کر سکتے ہیں - اسی لئے میں نے کچھ سجھاو آپ کے سامنے رکھے ہیں -

دوسری بات میں بلڈنگ ریسرچ انسٹی ٹیوٹ کے بارے میں کہنا چاہتا ہوں اس کا مقصد یہ ہے کہ بلڈنگ بنانے کے اوپر کم سے کم پیسہ خرچ ہو اور زیادہ سے زیادہ مضبوط عمارت بنے - میں سمجھتا ہوں کہ اس سلسلے میں سب سے ضروری چیز یہ ہے کہ ایسے علاقے جہاں پر طوفان آتے ہیں جن چھہ سات علاقوں کا ذکر میں پہلے کر چکا ہوں - بنگال اڑیسہ تامل ناڈو کا علاقہ مہاراشٹر کے کچھ حصے ہیں جس میں کہ مستقل طور پر طوفان آتے ہیں . . .

ایک ماننئے سدسیہ : مدھیہ پردیش بھی -

شری رشید مسعود : مدھیہ پردیش کا بھی علاقہ ہے لیکن میں ان علاقوں کی بات کر رہا ہوں جہاں پر سمندری طوفان آتے ہیں - ان علاقوں کے لئے ریسرچ بلڈنگ انسٹی ٹیوٹ کا فائدہ اٹھانا چاہئے - ان کو کہنا چاہئے کہ ایسے علاقوں کے لئے ایسے مکان بنوائے جائیں جن کی کہ تباہی کم ہو جن کو طوفان سے بچایا جا سکے - میں سمجھتا ہوں کہ اگر اس دشا میں ریسرچ کی گئی تو یہ امپاسیبل بات نہیں ہے نا ممکن بات نہیں ہے -

جب آپ نے وارننگ دینی شروع کر دی اور آپ کے ڈسٹرکٹ لیول تک کے آفیشیلس کو اطلاع ہو گئی تھی اس کے باوجود بھی لوگ محفوظ جگہوں تک کیوں نہیں پہنچ سکے - اس کی وجہ یہ تھی کہ ان کے پاس ٹرانسپورٹ کا کوئی ذریعہ نہیں تھا . . . . .

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can continue after 2 p.m. But if you are going to conclude immediately, you can continue.

SHRI RASHEED MASOOD: I will take only two minutes.

آخری بات میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ جب طوفان آتے ہیں تو امیڈییٹ مدد کی ضرورت ہوتی ہے - بد قسمتی سے اسٹیٹس کے پاس اتنے رسورسز نہیں ہوتے ہیں کہ اس مدد کو وہ ایک دم ان تک پہونچا سکیں - میں اس بات سے متفق ہوں کہ کوئی بھی سرکار مکمل نقصان کو کمپنسیٹ نہیں کر سکتی لیکن فارن رلیف مل جائے تو اس سے مشکلات کافی کم ہو جاتی ہیں - ایسے لوگوں کے لئے جو طوفان زدہ ہیں یا طوفان زدہ علاقوں سے تعلق رکھتے ہیں اگر وہاں رلیف کا کام فوراً شروع کر دیں - آپ کی جو

[شری رشید مسعود]
هائی لیول کمیٹی جاتی ہے اس کی رپورٹ کا انتظار نہ رہے کیبنیٹ کے فیصلے کا انتظار نہ رہے تو وہ ان کی تکلیفوں کو کم کرنے میں زیادہ مدد دے سکتا ہے - یہ ٹھیک ہے کہ آپ ان کو ان کے پرانے حالات میں نہیں پہونچا سکتے لیکن اتنا ضرور کریں کہ وہ اپنے فیلڈس کو فوراً بو سکیں اپنے پیروں پر کھڑے ہو سکیں - میں جاننا چاہتا ہوں کہ اس کام میں کتنا وقت لگے گا -]

राव वीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, इन सारी बातों का तफ़सील से मैं अपने बयान में कह चुका हूं । आनरेबिल मेम्बर ने जो बातें कही हैं उन का जिक्र यहां पर काफ़ी हो चुका है । जहां तक हमारे वार्निंग सिस्टम का ताल्लुक है हमारी तरफ से वार्निंग देने में कोई कमी नहीं की गई । बदकिस्मती से ता० 3 की शाम को, 4 बजे के करीब जो हमारा वायरलैस-टेलीफोन का लिंक पैरादीप और भुवनेश्वर के बीच में है, हवा की तेजी की वजह से, उसका एन्टीना टूट गया, जिसकी वजह से 4 बजे के बाद ज्यादा वार्निंग नहीं दे सके । दूसरी बात— यह साइक्लोन भी रात के साढ़े-ग्यारह बजे या 12 बजे के आसपास आया, आधी रात के के करीब आया जिसकी वजह से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ, क्योंकि वह ऐसा वक्त था जब लोग शैल्टर में जाने के बजाय अपने घर में ही रहना चाहते हैं। दिन में शेल्टर में जाना आसान होता है । वह वक्त ऐसा था जिस में लोग अपने मकानों में फंस गये और इतनी जानें चली गई, वर्ना इस नुकसान को बचाया जा सकता था ।

जहां तक पैसे का सवाल है स्टेट गवर्नमेन्ट्स के पास पैसे की वजह से दिक्कत नहीं होती है, वे जल्द से जल्द राहत के काम शुरू कर सकती हैं, क्योंकि उनके पास इस तरह की कैलेमिटीज़ के लिए मार्जिन-मनी होता है । उड़ीसा सरकार के लिए 8 करोड़ 71 लाख रुपया मार्जिन-मनी का मंजूर किया हुआ है, जिसको इस तरह की कैलेमिटीज़ में वे जिस तरह चाहें खर्च कर सकते हैं। इस के अलावा उनके पास रूरल मिनिस्ट्री की एन० आर० ई० पी० की स्कीम है . . . .

PROF. N. G. RANGA (Guntur): There is need for a permanent fund against these.

RAO BIRENDRA SINGH: But there is no difficulty about providing funds.

इसी तरह उनके पास दूसरे प्रोग्राम्ज़ हैं, जैसे वाटर-सप्लाई के लिए उन के लिए 9 करोड़ रुपया मंजूर हो चुका है। हाउसिंग के लिए 5 करोड़ का प्रावीज़न है और जैसा मैंने बतलाया था—प्राइम मिनिस्टर साहिबा वहां गई थीं, उन्होंने वहीं पर "वेज़-एण्ड-मीन्ज़-एडवांस" के तेहत 5 करोड़ रुपये का ऐलान कर दिया। 2 करोड़ रुपया शार्ट-टर्म लोन में मन्जूर किया है । खाद और बीज के लिए सब्सिडी का इन्तज़ाम किया है । शार्ट-टर्म लोन के तेहत अगर उड़ीसा सरकार को और ज्यादा रुपये की ज़रूरत पड़ेगी तो और ज्यादा रुपया देने के लिए भी तैयार हैं । सेन्ट्रल कमेटी की रिपोर्ट पर अभी कैबिनेट की हाई-लेबल-कमेटी में गौर होना बाकी है । वह भी अगर देखेंगे कि कोई कमी है तो पूरा करने की कोशिश करेंगे । कम्यूनिटी सीड नर्सरीज़ के लिए पनीरी लगाने के वास्ते 45 लाख रुपया उड़ीसा सरकार को दिया है । जहां समुद्र का पानी रुक जाता है उसके निकास का सवाल है। इस के लिए मैं प्लानिंग कमीशन और इरिगेशन मिनिस्ट्री से दरख्वास्त करूंगा कि वे इन के बारे में फ़ौरन गौर करें। हमारी तरफ़ से या स्टेट गवर्नमेंट की तरफ़ से इस मामले में कोई कोताही नहीं हुई है । इस के लिए आप को कोई शक नहीं होना चाहिए । जब कोई मुसीबत आती है तो हमारे

अफ़सर ज्यादा से ज्यादा मेहनत करते हैं और स्टेट गवर्नमेंट के अफ़सरों ने भी जगह जगह पहुंचने में कोई कमी बाकी नहीं रखी लेकिन जैसा मैंने पहले अर्ज किया है कि आधी रात के वक्त यह तूफ़ान आया और उस से 15 हजार से ज्यादा गांवों के अन्दर तबाही हुई। इतने सारे गांवों में एकदम से अफ़सरों का पहुंचना और वहां से लोगों का निकालना और उन का बन्दोबस्त करना मुश्किल बात है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House now stands adjourned to meet at 2.05 p.m.

13.05 hrs.

*The Lok Sabha adjourned for Lunch till five minutes past Fourteen of the Clock.*

-----

*The Lok Sabha re-asembled after Lunch at nineteen minutes past Fourteen of the Clock.*

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

SHRI R. P. YADAV (Madhepura): Late for the first time.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Better late than never.

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE —*Contd.*

REPORTED SEVERE CYCLONIC STORM ORISSA AND RELIEF OPERATIONS IN AFFECTED AREAS— *Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Ram Swaroop Ram: Please take as little time as possible because I have already taken your time.

**श्री राम स्वरूप राम** (गया) : उपाध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है जिसमें उड़ीसा में साइक्लोन के चलते समुद्री तूफ़ान आया और उसमें 114.73 करोड़ का नुक्सान हुआ। फिर भी यह एक प्राकृतिक विपदा थी, लेकिन अगर समय से सूचना और वार्निंग दी गई होती तो इतना बड़ा डैमेज नहीं हो सकता था। मुझे विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि 3 तारीख को रात में 11 बजे समुद्री तूफान आया और उसी वक्त 3 बजे दिन में वार्निंग दी गई चीफ सेक्रेटरी को लेकिन वह वार्निंग प्रखंड में समय पर नहीं पहुंच सकी जिसकी वजह से वहां जो आबादी थी जिसको सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का समय मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल सका। मन्त्री जी ने कहा कि काफी रिलीफ कार्य चलाये हैं और लोगों को रीहैबिलिटेट करने की कोशिश में हैं, इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र हैं। लेकिन यह जो आपने कहा कि 1 तारीख को ही सूचना दे दी गई थी, इसकी आप पुनः जांच करें कि वाकई में 1 तारीख को वारनिंग दी गई थी या 3 तारीख को दी गई थी? जैसे 1971 का उदाहरण देकर उन्होंने बताया कि उस समय बहुत जानें गयी थीं इसी तरह के समुद्री तूफ़ान में, लेकिन सरकार टाइमली ऐक्शन उस कम्पेरिजन में उतना हादसा नहीं हो सका। लेकिन यह एक ऐतिहासिक हादसा है और इसके लिए हमें जितने रिलीफ़ मेजर्स चलाने चाहिए, जैसे गरीबों के घर बरबाद हुए तो उनको आप 500 रु0 दे रहे हैं और आप स्वयं स्वीकार करते हैं कि इतने में घर नहीं बन सकता और रस्मी तौर पर कहते हैं कि जो नियम है उससे आगे आप नहीं जा सकते। हमारी मांग है कि आप उसमें परिवर्तन लाइए और उदार होकर मक्सिमम रिलीफ दें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: This has already been mentioned. The Minister has also replied to it. So, come out with new points, some new suggestions.

**श्री राम स्वरूप राम** : मेरी मांग है कि झोंपड़ी बनाने के लिए कम से कम 5,000 रु0 को तत्काल सहायता दें ताकि वह अपना घर बना सकें। दूसरी समस्या कोस्टल एरिया में यह हो गई है कि खेती लायक जमीन जो थी वह सलाइन वाटर से

[श्री राम स्वरूप राम]

भर गई। और आप जानते हैं कि सारे देश में सूखा है, और यहां पानी न पड़ने की वजह से सैलाइन सेडीमेंट धुल नहीं पाया जिसकी वजह से वह ज़मीन खेती लायक नहीं रह गई है। अगर पानी पड़ जाता तो यह सैलिनिटी धुल जाती। इसलिए इस सलाइन वाटर से काफ़ी नुक्सान पहुंचा है। इस दिक्कत की ओर मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

वहां पर डैमेजेज़ बहुत हुए हैं, इलैक्ट्रिक लाइन रैस्टोर नहीं हुई है, एक टेलीफोन एक्सचेंज 8 किलो मीटर की दूरी पर है, हमारे वहां के माननीय सदस्य श्री दास कह रहे हैं कि हमारा टेलीफोन 8 किलो मीटर पर भी कनैक्ट नहीं हो रहा है। इन सब चीज़ों को देखने से लगता है कि जितना मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कहा है, उसमें थोड़ा और तवज्जह देने की जरूरत है। इस पर अगर वह ध्यान दें तो मैं समझता हूं कि वहां के लोगों को काफ़ी राहत पहुंच सकेगी।

विरोधी दल के लोगों ने कैसे घड़ियाली आंसू बहाये हैं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जब जब भी देश पर विपदा पड़ी है, नैचुरल क्लैमिटीज़ हुई हैं, सबसे पहले वहां कांग्रेस के वालिण्टियर पहुंचे हैं और उन्होंने वहां जाकर लोगों को देखा है तथा राहत पहुंचाने की कोशिश की है। आप भले ही घड़ियाली आंसू बहा लें, लेकिन मुझे गर्व है कि कहीं पर भी अगर प्राकृतिक विपदा हो जाती है तो कांग्रेस के सिपाही और हमारी प्रधान मंत्री वहां जा कर सारी बातें देखती हैं। आप देखें, मैं इसका उदाहरण देता हूं।

एक माननीय सदस्य: इंदिरा दल है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Swaroop, please address me, I mean, address the Chair. Don't address the Opposition. Please address me.

श्री राम स्वरूप राम: वहां पर वालिण्टियर्स क्या करते हैं, यह अखबार की कटिंग से साबित होता है कि किस तरह से प्राकृतिक प्रकोप में फंसे लोगों को उन्होंने सहायता पहुंचाई है। लेकिन हमारे श्री बीजू पटायक कहते हैं कि वहां सरकार सड़ा हुआ चावल दे रही है। कैसे वह वहां को सरकार को बदनाम करते हैं? उसके बारे में मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। हमारे चीफ मिनिस्टर का स्टेटमैंट है :—

> "Regarding the allegation of Mr. Biju Patnaik, Lok Dal leader, that rice which was stinking and unfit for human consumption was being distributed among cyclone victims, the Chief Minister said that the sample Mr. Biju Patnaik had shown to newsmen was taken from a dealer in the Rajnagar area. The dealer, who belonged to the Lok Dal was being prosecuted for selling such stuff."

(व्यवधान)

वहां भी आप लोगों का कहीं न कहीं से एक्सप्लायट करने की कोशिश कर रहे हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Come to the point. I wanted you to come out with new points. This is not a new point.

श्री राम स्वरूप राम: मैं इनकी बात कह रहा था, इन पर कोई एलीगेशन नहीं लगा रहा था।

MR. DEPUTY-SPEAKER: In Calling Attention do not bring any controversial issues. Then they will have to reply. Why are you bringing controversial issues?

श्री राम स्वरूप राम: मैं प्रश्न पर ही आ रहा हूं।

मैं कृषि मंत्री को धन्यवाद देते हुए यह कहना चाहता हूं कि वह रिलीफ मेयर्स को बहुत तेज़ी से लागू करें। जो रिलीफ रस्मी तौर पर वह दे रहे हैं,

उसको थोड़ा बदलें और प्लनिंग कमीशन के सामने वकालत करें कि 500 रुपये से घर नहीं बनते हैं। हर परिवार को 5,000 रुपये दिये जाने चाहियें।

खेती के लायक जमीन में जो सलाइन वाटर भर गया है, जिसकी वजह से जमीन खेती करने लायक नहीं रह गई है, अगर बरसात का पानी पड़ता तो वह सलाइन वाटर निकल जाता और वहां पौधे उग सकते थे, लेकिन वहां की स्थिति विचित्र है। जो सलाइन वाटर खेती योग्य भूमि में भरा हुआ है, उसका साफ करने के लिए क्या सरकारी स्तर पर कोई प्लानिंग है या नहीं?

राव बीरेन्द्र सिंह : डिपुटी स्पीकर साहब, ग्रानरेबल मेम्बर ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें से कुछ का जवाब तो मैं पहले ही दे चुका हूं। माननीय सदस्य के खयाल में वक्त पर वारनिंग नहीं दी गई। मैं उनकी इत्तिला के लिए अर्ज करना चाहता हूं कि सब से पहले 1 तारीख को ग्राल-इंडिया रेडियो और टी वी से खबर दी गई कि बंगाल को खाड़ी में तूफ़ान बन रहा है और उससे साहिली इलाकों में नुक्सान हो सकता है। उसके बाद भुवनेश्वर और दूसरे केन्द्रों से 2 जून को 1 बजे वारनिंग दी गई कि बहुत ज्यादा तेज बारिश का अंदेशा है। उसके बाद 2 जून को फिर सुबह 7½ बजे यह वारनिंग भी दी गई कि 65 किलोमीटर की स्पीड पर हवा चल सकती है और यह वारनिंग 2 तारीख को रेडियो से सात बार ब्राडकास्ट की गई। 3 जून को आध आध घण्टे के वक्फ़े पर 26 वारनिंग्ज़ दी गई। 4 जून को फिर दस वारनिंग्ज़ दी गई।

वारनिंग देने में कोई कमी नहीं रही। इसके बावजूद नुक्सान हुआ। सब उपाय कर लिए गए थे, लोगों को खबरदार कर दिया गया था। लेकिन रात 12 बजे तूफ़ान आया और हवा की स्पीड बढ़ती चली गई। जहां 220 किलोमीटर फ़ी घण्टा की स्पीड से हवा चले और हरीकेन की स्पीड का ऐसा जबर्दस्त आंधी-तूफ़ान हो, वहां नुक्सान की सम्भावना थी और काफ़ी नुक्सान हुआ, जिसका ब्यौरा मैं दे चुका हूं। हमारी तरफ से वारनिंग देने में कोई कमी नहीं रही।

माननीय सदस्य ने दूसरा सवाल यह उठाया है कि घर के नुकसान का जो मुआवजा दिया जाता है, वह नाकाफी है। मैं राय दे चुका हूं कि वह नाकाफी है, लेकिन इस तरह का नार्म चल रहा है। सरकार इस पुराने नार्म के बारे में नए तरीके से फिर से सोचेगी। फिनांस मिनिस्टर यहां बैठे हैं। सरकार इस बारे में गौर करेगी कि इसके लिए कितनी पूंजी दी जा सकती है। लेकिन अभी इसी कायदे के मुताबिक सहायता दी जाती है। मकान को नुकसान होने पर भारत सरकार से ज्यादा से ज्यादा 200 रुपए मन्जूर होते हैं, लेकिन स्टेट गवर्नमेंट एक मकान के लिए 500 रुपये तक बांट रही है— उस नार्म से ज्यादा दे रही है। मैं मानता हूं कि इतने रुपए से मकान नहीं बनता है और मरम्मत भी नहीं होती है। मैं इस मामले में कब बहस कर रहा हूं?

समुन्दर के खारे पानी से जो जमीनें खराब हो गई हैं, उन्हें ठीक करने के लिए भी स्टेट गवर्नमेंट ने तजवीज की है, जिसको हमारी सेंट्रल टीम ने देखा है। उस जमीन को किस तरह उपजाऊ बनाया जा सकता है, सेंट्रल टीम की वह सिफारिश सरकार के जेरे-गौर है। हम उसके लिए काफी रकम दे सकेंगे। स्टेट गर्वनमेन्ट इस मामले में पहले से काफी उपाए कर रही है और पैसा खर्च कर रही है। स्टेट गवर्नमेंट के पास पैसे की कमी नहीं है। राहत के काम चल रहे हैं। भारत सरकार से जो रकम मिलेगी, उसका जल्द फैसला हो जाएगा।

**श्री हरिकेश बहादुर** (गोरखपुर): उपाध्यक्ष महोदय, उड़ीसा में जो तूफान आया था, उससे बहुत भयंकर क्षति हुई है, यह बात माननीय मंत्री महोदय ने अपने वक्तव्य में कही है और माननीय सदस्यों ने भी बताया है। आवश्यकता इस बात की है कि जो क्षति हुई है, उसको सही तौर पर आंका जाए। ऐसा न हो कि क्षति को

[श्री हरिकेश बहादुर]

कम करके आंकने की कोशिश की जाए । इससे सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता भी कम हो जाएगी । भारत सरकार ने इस बारे में सहायता देने की कोशिश की है, लेकिन जितनी सहायता वहां मिलनी चाहिए, उतनी नहीं मिल पा रही है ।

साइक्लोन की वजह से समुद्र के किनारे के गांव करीब करीब पूरी तरह से तहस-नहस हो गए हैं, एक दम बह गए हैं और खारा पानी दूर दूर तक फैल गया है । इस खारा पानी, सैलाइन वाटर, से धान और दूसरी चीजों की खेती को केवल इस वर्ष ही क्षति नहीं पहुंचेगी, बल्कि आने वाले वर्षों में भी उसे नुकसान पहुंचेगा । क्योंकि खेतों में वह खारापन पहुंच चुका है । तो एक तो यह सब से बड़ा सवाल है कि खेतों के इस खारेपन को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जाएगें ? वैसे इस के लिए लांग टर्म मेजर्स लेने होंगे, तत्काल तो कोई काम हो नहीं सकता है लेकिन कृषि विशेषज्ञों को इस तरफ विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए ताकि खेतों का वह खारापन दूर किया जा सके नहीं तो हमेशा के लिए पैदावार कम हो जाएगी ।

जहां तक इस समय सहायता की बात है उस सहायता के बारे में मैं कहना चाहूंगा कि वहां पर कुछ हमारे दूसरे दलों के सांसद गए थे, उन्होंने बताया है कि सहायता का जो काम चल रहा है उस में बहुत सी अनियमितताएं हैं, विशेष रूप से जो सहायता सरकार ने दी है उसका वितरण सही ढंग से नहीं हो रहा है। वितरण में भयंकर भ्रष्टाचार व्याप्त है। हो यह रहा है कि जो लोग इससे पीड़ित हैं उनकी एक लिस्ट बनायी जा रही है। वह लिस्ट वहां के रेवेंन्यू इंसपेक्टर के लेवेल के अधिकारी बना रहे हैं । लेकिन यह सूचना मिली है, जो लोग वहां पर गए हैं उनको बताया गया है कि वह अधिकारी बगैर पैसा लिए लोगों का नाम उस लिस्ट में लिख नहीं रहा है। एक फार्म लोगों को दिया जा रहा है फिल अप करने के लिए, वह मुफ्त दिया जाना चाहिए। वहां की प्रदेश सरकार की योजना यही है कि इसे लोगों को मुफ्त दिया जाए और उसमें अपना नाम, पता, पिता का नाम वगैरह भर दें । लेकिन वास्तविकता यह है कि उस फार्म के लिए भी दस रुपये लिए जा रहे हैं। बगैर पैसा लिए फार्म नहीं दिया जा रहा है। फार्म का अभाव दिखाया जा रहा है और फार्म की ब्लैक मार्केटिंग हो रही है। इसलिए सरकार को तत्काल इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए क्योंकि हमको यह पता चला है कि एक तो यह फार्म देने में ही भ्रष्टाचार चल रहा है, दूसरे, उसके बाद जो सहायता वितरित की जा रही है उसमें से 20 प्रतिशत जो सहायता बांटने वाले अधिकारी हैं वह ले रहे हैं। अभी हमारे माननीय सदस्य समर मुखर्जी साहब वहां पर गए थे, उनका कहना यह है कि उनकी उपस्थिति में एक एडीशनल तहसीलदार उस सहायता को बांट रहा था । वहां पर एक बुढ़िया आई, उस ने कहा कि हमारा नाम तो इस लिस्ट में लिखा ही नहीं है । उन्होंने जानकारी करने की कोशिश की तो नायब तहसीलदार ने कहा कि यह लिस्ट रेवेन्यू इंस्पेक्टर ने बनाई है और जो लिस्ट हमें दी गई है उसी के मुताबिक हम सहायता बांट रहे हैं। उस बुढ़िया ने कहा कि हमें पता चला है कि पैसा ले कर ऐसा हो रहा है, हम भी पैसा दे रहे हैं और हमारा फार्म हमें दे दिया जाना चाहिए । इतने में वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई । उस भीड़ ने इस के विरोध में काफी आवाज उठायी । नतीजा यह हुआ कि 27 जून को इस मामले को ले कर बालासौर जिले के भद्रक सब डिवीजन में फायरिंग हुई । उन्हीं लोगों के ऊपर फायरिंग हुई जो लोग साइक्लोन से पीड़ित हैं । उस में एक आदमी मरा भी । यह स्थिति है । वहां पर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है उस का नतीजा यह है कि वहां पर जो जनरोष है उस को दबाने के लिए पुलिस फायरिंग कर रही है । इसलिए सब से पहली आवश्यकता तो यह है कि इस वितरण व्यवस्था में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है उस को समाप्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं । मैं माननीय मंत्री जी से स्पष्ट पूछना चाहता हूं कि वह इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए क्या उपाए करेगें क्यों कि जहां जहां भ्रष्टाचार है, अगर जनता उस के विरोध में प्रदर्शन करेगी, आवाज उठाएगी तो कितनी जगह

गोली चलाएगें ? वैसे यह बात सही है कि सरकार ने गोली चला कर पिछले दो ढाई सालों के अंदर देश के हजारों आदमियों को मौत के घाट उतार दिया है । लेकिन यह कोई अच्छी प्रक्रिया नहीं कही जा सकती। गोली चला कर देश की समस्याओं को या जनता की समस्याओं को हल नहीं किया जा सकता ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं । दूसरे सदस्यों ने भी कहा कि घर बनाने के लिए जो रुपया दिया जा रहा है वह पचास रुपए से 500 रुपए तक है । आज कोई भी मकान इतने पैसे से नहीं बन सकता है । एक हजार ईंट भी कोई खरीदेगा तो उस को कहीं कहीं चार सौ, कहीं पांच सौ रुपया ईंट खरीदने के लिए देना पड़ता है । इसलिए इस सहायता को अवश्य बढ़ाया जाए । मेरी भी यह मांग है और मैं चाहता हूं कि कम से कम दस हजार रुपया इस के लिए दिया जाए ।

एक बात रामस्वरूप राम जी कह रहे थे कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी सक्रियता से इस प्रकार के कामों में दिलचस्पी ले रहे हैं । मैं उन की सूचना के लिए विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि इस लिस्ट को बनाने में जो धांधली हो रही है उस में उन की पार्टी के लोग भी शरीक हैं, उन अधिकारियों से मिल कर वह भी यह कर रहे हैं, यह भी सूचना उन लोगों ने दी है जो वहां पर गए हैं । इसलिए इस बात को रोकने के लिए भी वह लोग अपनी पार्टी के लोगों से कहें ।

तीसरी बात कहना चाहता हूं कि जब सहायता देने की बात हो रही थी तो यह घोषणा की गई थी रेडियो से और दूसरे माध्यमों से कि सात दिन का राशन तत्काल दे दिया जाएगा लेकिन वह राशन नहीं दिया गया । जो राशन दिया गया वह आदमी के खाने लायक नहीं था, उसमें कंकड़-पत्थर और कीड़े-मकोड़े थे । (व्यवधान) हमारे पास जो सूचना है वह हम मंत्री जी के सामने रखना चाहते हैं ताकि वे इसको सुधारने की कोशिश करेंगे। वहां पर बाजारों में भी राशन आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है । क्योंकि भारी संख्या में लोग पीड़ित हुए हैं और उनको जितने राशन की जरूरत है वह बाजारों में उपलब्ध नहीं हो रहा है । जो उपलब्ध भी है वह रद्दी किस्म का है । उसकी क्वालिटी को इम्प्रूव करने के लिए मंत्री जी क्या कदम उठाएंगे, इसकी जानकारी वे सदन को देने का कष्ट करें ।

इसके अतिरिक्त जो तूफान आया उसमें मछुओं की नावें डूब गई । बहुत से मछुआरे आर्थिक दृष्टि से बहुत कमजोर हैं । क्या उनको नावें प्रदान कराने के लिए सरकार कोई सहायता दे रही है ? साथ ही जो स्कूल वगैरह के भवन गिर गए हैं उनके निर्माण के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

साथ ही साथ मैं एक प्रश्न और मंत्री जी के समक्ष रखना चाहता हूं । जब इस प्रकार की कोई प्राकृतिक आपदा आती है तो उससे निपटने के लिए राज्य सरकारों के पास जो धन होता है वह बहुत कम होता है । राज्य सरकारें इस संबंध में अधिक खर्चा नहीं कर सकती हैं और केन्द्रीय सरकार यदि पर्याप्त सहायता न दे तो राज्य सरकारें ठीक ढंग से उसका प्रबन्ध नहीं कर सकती हैं । मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं क्या वे इस मामले को आठवें वित्त आयोग के समक्ष रखेंगे और यह सुझाव देंगे कि ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए राज्यों को पर्याप्त आर्थिक सहायता दी जाए ? साथ ही सहायता देने के जो सिद्धान्त हैं उनको और अधिक उदार बनाया जाए । क्या मंत्री जी आठवें फाइनेन्स कमीशन के समक्ष इस सवाल को रखेंगे ताकि अधिक सहायता दी जा सके और नियमों को भी अधिक उदार बनाया जा सके ?

अन्त में मैं एक प्रश्न और करना चाहूंगा। दुनिया में बहुत सारे ऐसे देश हैं जिनके तमाम इलाके समुद्रों के किनारे बसे हुए हैं । वहां पर भी तुफान आते हैं । क्या सरकार इस बात का पता लगाएगी कि जब उन मुल्कों में ऐसे तूफान आते हैं तब उनको पूर्व सूचना देने के लिए क्या तरीके अख्तियार किए जाते हैं तथा तूफान के बाद किस प्रकार से सहायता दी जाती है ? साथ ही अगर कोई नयी टेक्नीक अन्य देशों में डेवलप हुई हो तो क्या भारत सरकार उसका लाभ यहां भी उठाने का प्रयास करेगी ? यह बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल है । बंगलादेश

[श्री हरिकेश बहादुर]

वगैरह, जहां पर इस प्रकार के तूफान आते हैं उनके पास तो शायद कोई महत्वपूर्ण तकनीक न हो लेकिन अन्य विकसित देशों के पास यदि कोई नयी तकनीक हो तो क्या उसका अध्ययन करवा कर उसका लाभ यहां पर उठाने का प्रयास किया जाएगा ?

यही चन्द प्रश्नों के उत्तर मैं मन्त्री जी से चाहूंगा ।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : जितने भी ज्यादा से ज्यादा आधुनिक तरीके दूसरे देशों में अपनाए गए हैं उनका लाभ हम भारतवर्ष में भी उठाते हैं । इन्सेट से पता लगता है और दूसरे देशों ने जो उपग्रह छोड़ रखे हैं उनसे भी जानकारी ली जाती है । दूसरे देशों में जितने भी बड़े साइक्लोन वार्निंग सेन्टर्स हैं उनको जो जानकारी हासिल होती है उसका भी लाभ हम यहां पर उठाते हैं । सारे देशों में आपस में सम्पर्क रहता है । इसलिए इस मामले में कोई कमी नहीं है बाकी अपने सिस्टम को जो स्ट्रेन्थेन करने की जरूरत है उसकी तरफ हम ध्यान दे रहे हैं । अगर कहीं पर वायरलैस स्टेशन बनाने की जरूरत है या ट्रांसपोर्ट प्रोवाइड करने की जरूरत है तो उसकी तरफ मिनिस्ट्री पूरा ध्यान देगी और जो कुछ भी बन सकेगा हम आगे करेंगे ।

आपने भ्रष्टाचार के बारे में शिकायत की है कि फार्मों के लिए भी पैसा लिया जाता है । अगर ऐसा हो रहा है तो यह बुरी बात है । आपने जो कुछ भी कहा है उसके बारे में हम इंक्वायरी करेंगे और स्टेट गवर्नमेन्ट का ध्यान इसकी तरफ आकर्षित करेंगे । अगर आपके पास कोई स्पेसिफिक इंस्टान्स हो, वह आप हमें बताएं, हम आपका शुक्रिया अदा करेंगे ।

SHRI SAMAR MUKHERJEE (Howrah): I was present there.

वहां पर फायरिंग भी हुई है ।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : फायरिंग जहां हुई है, उसका हम पता कर लेंगे लेकिन भ्रष्टाचार के कोई ऐसे केसेज जिनमें हम उन आदमियों को पकड़ सकें तो हमें बड़ी खुशी होगी कि आपने हमें इत्तिला दी, हमने कुछ सुधार किया । 20 प्रतिशत कट कहीं होता है । यह हो सकता है कि कोई कोई आफिसर करप्ट हो । लेकिन मैं समझता हूं कि ऐसे मुसीबत के मामले में स्टेट सरकार सख्ती के साथ अमल करती है और जल्दी से किसी आफिसर की हिम्मत नहीं पड़ती है कि वह उसमें खाएगा । अगर कहीं किसी ने ऐसा किया है, तो उस से रजिसटेंस हुआ होगा । इस वजह से लोगों ने शिकायत की और लोग उठे तथा एजीटेशन हुआ और झगड़ा हुआ होगा । जहां रजिसटेंस होगा, वहां झगड़ा होगा । अगर कहीं पर करप्शन है, तो लोग रजिस्ट करते हैं और वह बात छिपी नहीं रह सकती है ।

सेन्टर टीम उड़ीसा में गई, तो उन्होंने खास तौर से इस बात की तरफ तव्वजह दी थी कि स्टेट सरकार की तरफ से क्या इन्तजाम किए गए हैं और सही तौर पर पता लगाया जाए कि लोगों को नुकसान हुआ है और जो हकदार हैं, उसको राहत पहुंचाई जाए और गलत किस्म के आदमी कहीं पैसा न लेकर भागें । उसके लिए भारत सरकार की तरफ से थ्री-टायर सिस्टम चल रहा है, जिससे कि उनको तसल्ली हुई है । गांव का प्रधान लिस्ट तैयार करता है कि किस-किस के घर में कितना-कितना नुकसान हुआ है । उसके बाद वहां का रिवैन्यु इंसपेक्टर उसको चैक करता है और उसकी रिपोर्ट को बीस परसेंट तक चैकिंग करके वहां का ताल्लुक तहसीलदार कलैक्टर को रिपोर्ट करता है और फिर कलैक्टर रिपोर्ट को देखता है और जब उसकी तसल्ली हो जाती है, तब वहां पर राहत का पैसा दिया जाता है । इसमें हो सकता है कि कहीं पर गलती हो जाए । इस संबंध में हम स्टेट सरकार को भी कहेंगे और इस चीज के लिए आप साहेबान से भी दरख्वास्त करूंगा कि जो पैसा इस काम के लिए खर्च हो रहा है, वह सही तौर पर खर्च हो और हकदार को मिले। मैं इस बात पर खास ध्यान दे रहा हूं और आगे दूंगा ।

फिशरमैन की बोट्स का जो नुकसान हुआ है । उसके लिए भी इसी तरह से पैसा दिया जा रहा है । ग्रान्ट्स दे रहे हैं । सौ रुपया दिया जाता है, जिसकी कि बोट खो गई हो, टूट गई हो या डूब गई हो । (व्यवधान) मकान के लिए भी जितना हो